Reg. No. :- JH-11-0004329

# अपेम लाइव न्यूज

(Art, Agriculture, Press & Education, Health Management)

(अपेम ट्रस्ट के अंतर्गत बरही से संचालित एवं प्रसारित, Reg. No. :- 2020/BAR/80/BK/01)

दैनिक संध्या डिजिटल अखबार | सच का साथी | दिनांक 20-06-2023 | अंक 600

Website- www.apemlive.com संपर्क सूत्र 9550809864 Email Id- liveapem@gmail.com

## न्यूज ब्रीफ

### ट्रेक्टर पलटी चालक घायल, रेफर



**अपेम लाइव : चलकुशा**

चलकुशा (हजारीबाग) प्रखंड थाना क्षेत्र के ग्राम मनैया चबुतरा के निकट ट्रेक्टर पलट जाने से चालक पुरी तरह ट्रेक्टर के चपेट में आ गया। वहीं ग्रामीणों के मदद से चालक को निकाला गया।ओर इलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा ले जाया गया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रेक्टर बरकट्ठा प्रखंड के बेडोकला से मनैया बराकर नदी घाट से बालू उठाव करने जा रहा था।

### पहली बारिश में ही बिजली व्यवस्था ने दिया झटका, 20 घंटे रही बिजली गुल



**अपेम लाइव : लातेहार**

लातेहार : सोमवार की दोपहर तीन बजे के बाद अचानक झमाझम बारिश होने लगी जिससे लोगों ने राहत की सांस ली लेकिन इस बीच शहर में बिजली गुल हो गयी। पूछे जाने पर कनीय विद्युत अभियंता अंकित कुमार ने बताया कि तेज हवा एवं आंधी चलने के कारण करकट ग्राम के पास 33 हजार केवीए का तार गिर गया है। डालडा फैक्ट्री के पास भी 11 हजार केवीए का तार गिर गया है। इसके अलावा गायत्री नगर मे एक बिजली का पोल गिर गया है। तकरीबन 8 बजे शहर के एक इलाके में बिजली सेवा बहाल कर दी गयी। तथा अन्य कई इलाकों में बिजली सेवा बहाल नहीं हो पायी। लोगों के इन्वर्टर तक जवाब दे दिये। बिजली नहीं रहने के कारण पानी के मोटर नहीं चल रहे थे। तकरीबन नौ बजे शहर के दूसरे इलाकों मे बिजली सेवा बहाल हुई। लेकिन गायत्री नगर व अन्य कई क्षेत्रों में बिजली सेवा समाचार लिखे जाने तक बाधित थी।

### योग दिवस को लेकर निकाली गई जागरूकता रैली




**अपेम लाइव : लातेहार**

बालूमाथ/लातेहार : बालूमाथ प्रखंड मुख्यालय में 21 जून विश्व योग दिवस को लेकर जागरूकता रैली निकाली गई ।रैली में भारत माता की जय के नारे के साथ करो योग रहो निरोग के नारे से पूरा बालूमाथ गूंज रहा था ।यह रैली बालूमाथ समाजसेवी सत्येंद्र सिंह के नेतृत्व में निकाली गई।. मौके पर जिला प्रभारी जीवन सिंह , समाजसेवी शैलेश सिंह, लालदेव गंझु, सुरेंद्र साहू, सुरेंद्र गुप्ता ,निर्मल सिन्हा इत्यादि लोगों के अलावे बालूमाथ के ग्रामीण मौजूद रहे ।

# भगवान जगन्नाथ का निकला भव्य रथ यात्रा, भक्तिभाव में सरोबार हुआ चौपारण

## पूर्व विधायक मनोज यादव, उदयभान सिंह, योगेंद्र प्रताप, हरिशचंद्र सिंह आदि ने झाड़ू लगाकर व हरी झंडी दिखाकर किया रथ यात्रा किया शुभारंभ











**अपेम लाइवः चौपारण**
**चंदन राणा**

चौपारण में भव्य जगन्नाथ रथ यात्रा निकाला गया। जिसका शुभारंभ बरही विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज यादव, उदयभान सिंह, योगेंद्र प्रताप, हरिश. चंद्र सिंह आदि ने झाड़ू लगाकर व हरी झंडी दिखाकर किया रथ यात्रा का शुभारंभ किया। जिसमे हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। साथ ही रथ को खींचने के लिए श्रद्धालुओं में काफी उत्साह देखने को मिला। वहीं जय श्री राम, जय श्री कृष्णा एवं जय जग्गन्नाथ के नारों से चौपारण गुंजायमान हो गया।

**रथ यात्रा के लिए देश के कोनो कोनो से आए भक्तजन**

दिव्या नितायं टीएमसी इस्कoन कानपुर, अच्युत गोपाल इस्कoन इंदौर, राधा मोहन प्रभू इस्कॉन इंदौर, पुरुषोत्तम केशव प्रभु एनआईटी जमशेदपुर, उज्ज्वल शाखा प्रभु इस्कॉन मायापुर, घनश्याम आनंद प्रभु आईआईटी खड़कपुर, ब्रजराज प्रिया प्रभु इस्कoन मुम्बई, आदिदेव प्रभु, एसआरएम चेन्नई, अभय मुरारी प्रभु से एसआरएम चेन्नई से शामिल हुए।

**स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा चौपारण का रथ यात्रा : जयन्त सिन्हा**

रथ यात्रा में शमिल सांसद जयन्त सिन्हा ने कहा कि चौपारण के इतिहास में स्वर्णिम अक्षरों में लिखा जाएगा चौपारण का रथ यात्रा। भक्तो का उत्साह देखने लायक है।

रथयात्रा बनी चौपारण की पहचान रू मनोज यादव आयोजन में सक्रिय भुमिका में सहयोग कर रहे पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि रथयात्रा काफी शानदार है। ईश्वर की कृपा से यह आयोजन चौपारण की पहचान बन जाएगा।

**एसडीओ व डीएसपी ने खुद संभाला सुरक्षा व्यावस्था**

बरही एसडीओ पूनम कुजूर, डीएसपी नाजीर अख्तर, चौपारण थाना प्रभारी नंद कुमार शर्मा सहित सैकड़ों सुरक्षा बल के जवान विधि व्यावस्था में लगे रहे। जगह जगह पुलिस पदाधिकारी के साथ सुरक्षा बल तैनात थे। डीएसपी व एसडीओ लगातार निरीक्षण करते रहे।

इस रथ यात्रा में मुख्य रूप से सांसद जंयत सिन्हा, पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव, भाजपा नेता योगेंद्र प्रताप सिंह, उदयभान सिंह, केशवानंद महाप्रभु, रथयात्रा के सूत्रधार संजय सिंह, अभिषेक सिंह, शशि शेखर, प्रभात सिंह, रामचन्द्र सिंह, हरिश्चद्र सिंह, जीप सदस्य राकेश रंजन, प्रमुख प्रति. निधि उदय राणा, भाजपा नेता राजेश सहाय, रमेश ठाकुर, राजदेव यादव, रामस्वारूप पासवान, सुनिल साहू, नारायण यादव, मुकेश सिन्हा, आशीष सिंह, गजाधर प्रसाद, रंजन सिंह, आशीष गुप्ता, कांग्रेस नेता अशोक सिंह, सुमन सिंह, मुखिया बिरेन्द्र रजक, पिंकी देवी, अर्चना हेंब्रम, मंटू सिंह, पप्पू रजक, रेखा देवी, पूर्व मुखिया बिनोद सिंह, अरविंद सिन्हा, मोहन साव, समिति सदस्य अशोक यादव, विजय मधेसिया, सहदेव प्रसाद यादव, जनार्धन सिंह, सांसद प्रतिनिधि मुकुन्द साव, राजेंद्र चनद्रवंशी, सीताराम साहू, सुनील सिंह, विहिप गुरुदेव गुप्ता, मुनेश्वर गुप्ता, अमीत सिंह, शंकर कुमार एवं शेखर गुप्ता सहित हजारों की संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।



दिनांकः 20-06-2023

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूज़पेपर



# पी एच डी के मनमानी से त्रस्त हैं कान्हाचट्टी की ग्रामीण जनता

## पांडेय महुआ से कान्हाचट्टी कालीकरण सड़क को बनाया नर्क, संवेदक के लापरवाही से कालीकरण सड़क हुआ मिट्टी मय

## सड़क आर ई ओ विभाग के और सड़क को बर्बाद कर रहा है पी एच डी

**अपेम लाइवः कान्हाचट्टी**

कान्हाचट्टी : एक तरफ सरकार विकास पर करोड़ो अरबो रुपये खर्च तो कर रही है लेकिन दूसरी तरफ जो विकास हुआ है उसे बर्बाद भी कर रही है।एक तरफ विकास तो हो रहा है लेकिन दूसरे तरफ विकास जो हुआ है उसे बर्बाद भी किया जा रहा है।अर्थात विकास के नाम पर केवल लूट हो रही है।जी हां आपने ठीक सुना मैं बात कर रहा हूँ कान्हाचट्टी प्रखण्ड ही नहीं जिले में किए जा रहे जलापूर्ति योजना का।जलापूर्ति योजना से जो पाईप सड़क के किनारे बिछाया जा रहा है।उससे जो सड़क बना हुआ है उसके अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है। कान्हाचट्टी के पांडेमहुआ से कान्हाचट्टी तक जिस सड़क में पाईप बिछाया जा रहा है वह सड़क आर ई ओ






विभाग द्वारा सड़क बनाया गया था।सड़क जिसमे पिच कालीकरण हुआ था उस सड़क का पी एच डी एन ओ सी भी नहीं लिया है और बेधड़क सड़क को कोड कर चलने लायक भी नहीं छोड़ रहा है।संवेदक से ग्रामीणों ने कई बार आग्रह किया कि जो सड़क पर मिट्टी डाल कर छोड़ा जा रहा है उस मिट्टी को पिच पर से हटा दिया जाए,लेकिन संवेदक ने ग्रामीणों के एक नहीं सुनता और अपने मनमानी तरिके से सड़क पर मिट्टी छोड़ दिया।अब जब बरसात सामने आ गया तो तो कई गांव के ग्रामीणों को कान्हाचट्टी बाजार जाने के लिए दो किलोमीटर के जगह साथ आठ किलोमीटर की दूरी तय करना पड़ेगा।ये है पी एच डी की लापरवाही।ये केवल कान्हाचट्टी प्रखण्ड में ही नहीं बल्कि चौपारण से चतरा आ रहे पाइप लाइन में जो काम किया जा रहा है वह सड़क जो पिच हुआ है उसका लाईफ भी कम कर दे रहा है।बताते चलें कि कान्हाचट्टी प्रखण्ड के तीन पंचायतों में पेयजलापूर्ति योजना के तहत पाइप लाइन से ग्रामीणों को पानी देना है लेकिन पानी की जब तक ब्यवस्था हो रही तो दूसरी तरफ जो सड़क पिच हुआ है उसे ही कहीं कहीं उखाड़ दिया जा रहा है।कबकी प्राप्त जानकारी के अनुशार जिस सड़क के किनारे काम करना है सड़क या पिच पर से मिट्टी को बिल्कुल साफ करना है लेकिन संवेदक ऐसा नहीं कर रहा है।

**क्या कहते है आर ई ओ के कार्यपालक अभियंता :**

सड़क को पी एच डी द्वारा बर्बाद किये जाने के मामले में आर ई ओ विभाग के कार्यपालक अभियंता शाहनवाज खान से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि बगैर परमिशन के आर ई ओ हो या पी डब्ल्यू डी उस विभाग से बगैर एन ओ सी के कार्य नहीं करना चाहिए।मैं कई बार पी एच डी को लिखित में दिया कि बगैर परमिशन के सड़क को बर्बाद न करें मैं जिला को भी पी एच डी द्वारा सड़क में गड्ढे करने का शिकायत किया परन्तु पी एच डी विभाग सुनता ही नहीं है।पी एच डी विभाग जो हमारे कालीकरण सड़क को कोड रहा है उससे पिच की आयु कम हो रहा है।किये गए गड्ढे में पानी जाएगा और पिच की आयु को कम कर देगा।मैं जल्द ही इसकी शिकायत जिला में लिख कर दूंगा।

# बड़कागांव में रथ पूजा संपन्न संख्या में लोग पूजा करने पहुंचे थे मंदिर मेले का आयोजन

**अपेम लाइव : बडकागॉव**

बड़कागांव प्रखंड अंतर्गत राम जानकी मंदिर में पुजारी चिंतामन महतो के द्वारा जगन्नाथ पूजा रथ यात्रा हर्षोल्लास के साथ शांतिपूर्वक संपन्न कराया गया। पूजा को लेकर श्रद्धालु सुबह से ही अपनी अपनी तैयारियों में जुट गए थे। सुबह से ही पूजा करने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। श्रद्धालुओं ने भगवान जगरनाथ भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा पूजा अर्चना की एवं अपने परिवार के लिए सुख वह समृद्धि की कामना की। वही रथ यात्रा पूजा को लेकर भगवान जगन्नाथ भाई बलभद्र एवं बहन सुभद्रा को सजी हुई रथ में बैठा कर नगर भ्रमण





कराया गया। रथ खींचने वाले श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही। रथ यात्रा राम जानकी मंदिर से शुभारंभ किया गया ।बड़कागांव मुख्य चौक, दैनिक बाजार, कुशवाहा मोहल्ला, सूर्य मंदिर से पुनः वापस लौटते मुख्य चौक होते हुए देर शाम हजारीबाग रोड स्थित रेंज अ०फिस प्रेम नगर मौसी बाड़ी पहुंचा। जहां श्रद्धालुओं के द्वारा भगवान का आरती उतार एवं पूजा अर्चना कर स्वागत कर मंदिर में प्रवेश कराया गया। भगवान 9 दिनों तक मौसी बाड़ी में ही रहेंगे । पूजा को लेकर मेले का आयोजन किया गया जिसमें भारी संख्या में लोग शामिल हुए। वही बड़कागांव विश्वकर्मा मोहल्ला निवासी रघुनंदन मिस्त्री के द्वारा 25 किलो का त्रिशूल दान स्वरूप मंदिर में लगाया गया। पूजा के 1 दिन पूर्व सोमवार रात्रि को स्थानीय कलाकारों के द्वारा भजन कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भक्तजनों ने शामिल होकर लोगों का सहयोग किया। पूजा को शांतिपूर्वक संपन्न कराने को लेकर बड़कागांव थाना प्रभारी विनोद तिर्की के द्वारा मंदिर परिसर एवं मेले में जगह-जगह पर पुलिस बल तैनात किया गया था। बताते चलें कि बड़कागांव में उक्त रथ यात्रा जगरनाथ पूजा पिछले 73 वर्षों से मनाई जा रही है। पूजा को सफल बनाने में मुख्य रूप से मौके पर उप. स्थित लोगों में मुख्य रूप से पुजारी चिंतामणि महतो, पिंटू गुप्ता, इंग्लेश सोनी, संतोष ठाकुर, सरजू भुइयां, कृष्णा प्रजापति, हरि महतो, रामचंद्र गुप्ता, सुभाष ओझा, डोमन महतो, हरीनाथ राम, प्रेमचंद महतो, पदुम महतो, कीर्तन महतो, अंतू महतो, वीरेंद्र महतो, बंधन महतो, नागेश्वर साव के अलावा कई शामिल है।

# केंद्र सरकार के नौ साल की योजनाओं को पूर्व विधायक मनोज यादव ने जन जन तक पहुंचाया

## पूर्व विधायक के अनुरोध पर ग्रामीणों ने मिसकॉल कर मोदी जी को दिया अपना समर्थन

**अपेम लाइव : बरही**

हज़ारीबाग देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भाजपा ने केंद्र सरकार के नौ वर्ष पूरे होने पर अपनी महत्वपूर्ण उपलब्धियां हर घर तक पहुँचाने के उद्देश्य से संयुक्त बिहार के तत्कालीन मंत्री सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव जन जन तक बरही विधानसभा में पहुंचा रहे है। इसी उद्देश्य से पूर्व विधायक ने बरही के बेन्दगी पंचायत के अपने आवासीय बूथ से घर घर महाजनसंपर्क अभियान चलाया। इस दौरान बेन्दगी के रामनगर मंदिर परिसर में सैकड़ो ग्रामीणों के बीच केंद्र सरकार की महत्वकांक्षी योजनाओं को बताया। कार्यक्रम की अध्यक्षता व संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने किया। ग्रामीणों को





सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक श्री यादव ने कहा कि भारत ने वैश्विक स्तर पर अपनी उल्लेखनीय उपलब्धियों के बल पर नौ साल में खासा सम्मान बटोरा है। कमजोर वर्ग चाहे किसी जाति धर्म पंथ और पूजा पद्धति के हो, उनकी चिंता करते हुए तमाम विकाश योजनाओं को मूर्त रूप नरेंद्र मोदी ने दिया है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश का कायाकल्प किया है। देश में सत्तर साल के बाद धारा 370 को खत्म करके जम्मु कश्मीर को भारत माता की सीमा से जोड़ दिया है। 2014 के पहले भारत में विकास की पटरी ध्वस्त हो चुकी थी, लेकिन 2014 से नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद इन नौ वर्षों में देश बुलंदियों के शिखर को छू रहा है। जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता ने कहा कि वैश्विक स्तर पर मोदी को मिल रही यह मान्यता उनकी नीतियों और व्यवहार की वजह से है। इससे पहले किसी भारतीय प्रधानमंत्री को वैश्विक ने. ताओं से इतनी भूरि-भूरि प्रशंसा नहीं मिली थी, इसका श्रेय मोदी की विदेश नीति और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उनके व्यवहार को जाता है। मौके पर जीप प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, रितेश गुप्ता, बासुदेव यादव, राजकुमार केशरी, प्रदीप पांडे,उपमुखिया अशोक राणा, हरि गुप्ता, दसरथ यादव, सचिन यादव, पूर्व उप मुखिया दिनेश साव, महावीर राणा, कृष्ण कुमार राणा, लालधारी राणा, संजय राणा, योगेंद्र राणा, महावीर यादव, प्रकाश यादव, राजदेव यादव, भीखी महतो, मुरलीधर साव, गेंदों साव, रामचंद्र यादव, रामू महतो, दिनेश साहू, वासुदेव यादव, दुर्गा कुमार, संदीप कुमार राणा, महेंद्र पासवान, पवन साहू, रामेश्वर साह, दिनेश यादव, गोलू यादव, गुरुशरण राणा, अबोध राणा, मीना देवी, रेखा देवी, रीता देवी, वसुंधरा देवी, कौशल्या देवी, प्रतिमा देवी, सविता देवी, तेतरी देवी, सविता देवी, प्रिया देवी, सोनू राणा, मुकेश राणा, मालती देवी, हेमराज यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

APEM LIVE

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## लातेहार में आंधी-तूफान और बज्रपात से भारी नुक्सान

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जिले में आंधी-तूफान एवं बज्रपात के कारण जनजीवन बुरी तरह प्रभावित रहा, कई पेड़ गिरकर धारासायी हो गया। वहीं कई घरों तथा बिजली के खंभे एवं तार क्षतिग्रस्त हो जाने से बिजली बाधीत हो गया है। सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत परसही पंचायत ग्राम जलता ,भगन टोला में आंधी तुफान,पानी और बज्रपात होने से दोनों गांव के लोग भारी तबाही में रहें।जलता गाँव के सविता देवी पति प्रमोद राम जो बाहर काम करने गया है जिसका घर उजड़ गया वहीं परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। बज्रपात से श्याम उरांव और मुकेश उरांव का एक एक मवेशी की गई जान और एक मवेशी घायल हैं।दर्जनों घर का छप्पर उजड़ जाने से कई घर के परिवार परेशान हो गए।अरुण भगत राम कृत उरांव, विजय राम,संदीप उरांव सहित दर्जनों ग्रामीणों का घर उजड़ चुके हैं।लोग दुखी एवं चिंतित हैं,कि लहलहाते धुप एवं बारिश में काहां रहेंगे, कैसे रहेंगे,वहीं परसही मुखिया अनिता देवी ने बताया कि इसकी सूचना प्रशासन को दे चुके हैं। समस्याएं से अवगत करा दिया गया है, जल्द ही प्रशासन द्वारा सहयोग किया जाएगा।

## प्रमुख ने बेंदगी स्थित आईटीआई का किया निरीक्षण, मरम्मती कार्य देखकर भड़के





**अपेम लाइव : बरही**

बरही प्रमुख मनोज रजक मंगलवार दोपहर बेंदगी पंचायत स्थित आईटीआई कॉलेज में चल रहे मरम्मती कार्य का निरीक्षण करने पहुंचे। इस दौरान उनके साथ बेंदगी पंसस प्रतिनिधि झमण यादव एवं संस्थान के प्रधानाध्यापक भी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान प्रमुख मनोज रजक ने मरम्मती कार्य में बहुत सारी गड़बड़िया देखी। निरीक्षण के दौरान देखा की दीवार में की गई प्लास्टर में पानी नही देने से प्लास्टर झड़ जा रहा है। साथ ही उपयोग में लाए जा रहे बालू में मिट्टी भी है। उन्होंने कहा की इस मरम्मती कार्य में संवेदक द्वारा घोर लापरवाही बरती जा रही हैं। साथ ही साथ उन्होंने कहा की यहां मापदंडों को ताक पर रखकर ठेकेदार द्वारा खुद की मनमर्जी से कार्य करवाया जा रहा है। विदित हो की इस संस्थान का मरम्मती कार्य 44 लाख 79 हजार 500 रुपया के लागत से किया जा रहा है।




## विष्णुगढ़ के रखवा निवासी प्रवासी मजदूर की विशाखापत्तनम में मौत

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**



विष्णुगढ़ के एक प्रवासी मजदूर की मौत आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में बीते रविवार को हो गई। मजदूर लीलो महतो (45) पिता जगदीश महतो प्रखंड के बकसपुरा पंचायत अंतर्गत रखवा का रहने वाला था। बताया जाता है कि लीलो विशाखापत्तनम में एलएनटी कंपनी में कार्यरत थे। वहां वे निर्माणाधीन अंडरग्राउंड टनल के काम में जुटे थे। इस बीच उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। इलाज के लिए उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। सभी का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। इस घटना के बाद गांव में भी शोक की लहर दौड़ गई। बताया जाता है कि घर की माली हालत खास्ता होने के कारण वह काम करने के लिए विशाखापत्तनम चले गए थे। इस बीच घटना होने से परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा है। वे अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। मृतक अपने पीछे पत्नी उर्मिला देवी, दो पुत्र पवन कुमार व पर्वत कुमार तथा एक पुत्री जयंती कुमारी छोड़ गए हैं। समाजसेवी सिकंदर अली, आजसू नेता दामोदर महतो आदि घर पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मिले तथा संवेदना प्रकट करते हुए सांत्वना दी। कहा कि मृतक के आश्रित को कंपनी से उचित मुआवजा तथा शव को पैतृक गांव लाए जाने का प्रयास किया जा रहा है। झारखंड प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध होते हुए भी रोजगार के अभाव में युवाओं को दूसरे प्रदेश में काम करने जाने को विवश होना पड़ रहा है। राज्य के लिए यह बड़ी विडंबना है। क्षेत्र में आए दिन ऐसी घटनाएं हो रही है। सरकार को पलायन रोकने की दिशा में ध्यान देने की आवश्यकता है।

## मदगड़ा पंचायत में मनाया गया मुखिया के कार्यकाल का पहला वर्षगांठ

### पंचायत के विकास के लिए मरते दम तक रहूंगी तत्पर : सुप्रिया

**अपेम लाइव :कान्हाचट्टी**



कान्हाचट्टी : प्रखण्ड के मदगड़ा पंचायत सचिवालय में मुखिया सुप्रिया कुमारी की अध्यक्षता में प्रथम वर्षगांठ सह प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के तौर पर प्रखंड प्रमुख इंदु कुमारी उपस्थित रही। मुख्य अतिथि एवं मुखिया ने द्वीप प्रज्वलित कर कार्यकतम का शुभारंभ किया गया।कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी उपस्थित पंचायत वासियों के समक्ष मुखिया जी के द्वारा विगत 1 वर्ष में 15वें वित्त आयोग से कराए गए कार्यो का लेखा-जोखा दिया गया। माननीय मुखिया ने अपने संबोधन में पंचायत वासियों को जल संरक्षण एवं स्वच्छता पर विशेष ध्यान देने के लिए आग्रह किया। वर्षा जल संचयन हेतु सभी को अपने छत का पानी सोकपिट के माध्यम से भूमिगत करने के सुझाव दिए गए । पर्यावरण संतुलन को बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक मात्रा में वृक्षारोपण करने का आग्रह किया गया ।साथ ही प्लास्टिक को ना जलाते हुए बाँस से निर्मित घर में रखने का आग्रह किया गया। तत्पश्चात प्रथम श्रेणी से सफल हुए मैट्रिक एवं इंटर के 70 विद्यार्थियों को प्रशस्ति पत्र, आम का पौधा एवं लुसेंट सामान्य ज्ञान का किताब देकर पुरस्कृत किया गया। सभी के उज्जवल भविष्य की कामना की गई। प्रमुख महोदया ने अपने संबोधन में बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना के साथ ही पढ़ाई हेतु गुरु मंत्र दिए। सभा को सम्बोधित करते हुए मुखिया ने कही की पंचायत को विकास के लिए मैं मरते दम तक संकल्पित हूं।कार्यक्रम को उप मुखिया छोटू कुमार पांडे एवं पंचायत समिति सदस्या ममता देवी ने भी संबोधित किया। इस कार्यक्रम में पंचायत के सभी वार्ड सदस्य, सभी आंगनवाड़ी सेविका, शिक्षक, पंचायत वासी एवं सैकड़ों छात्र-छात्राएं उपस्थित हुए।

## बनासो में श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ को लेकर निकली भव्य कलशयात्रा

**अपेम लाइवः विष्णुगढ**



प्रखंड के बनासो में सात दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान महायज्ञ की शुरुआत मंगलवार से हो गई। इसे लेकर यज्ञस्थल से भव्य कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें 501 महिलाओं ने माथे पर कलश उठाया। यज्ञस्थल से कलश यात्रा का शुभारंभ आचार्य पं. मनोहर पांडेय ने मंत्रोचारण के साथ किया। इसके बाद गाजे-बाजे एवं देवी-देवताओं के जयकारे के साथ पित वस्त्र धारण कर कलशयात्री एवं बड़ी संख्या में भक्त गांव का भ्रमण करते हुए कोनार डैम पहुंचे। जहां वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जल भरकर कलश यात्री पुनः यज्ञस्थल पर पहुंचे। धर्मप्रेमियों के जयकारों ने पूरे माहौल को भक्तिमय कर दिया। लक्ष्मी नारायण हवनात्मक महायज्ञ के यजमान अधिवक्ता आदित्य कुमार पाण्डेय हैं। वहीं, पुरोहित में शिवनंदन पांडेय, दिलरंजन पांडेय, भागवत पांडेय, अनिल पांडेय, धनंजय पांडेय, उदय पांडेय, वैदेही शरण जी महाराज, श्रीकांत पांडेय, आचार्य पुरेन्द्र पांडेय, उपेंद्र पांडेय, अभिषेक पांडेय के अलावे व्यास शिवम शुक्ला एवं कथा वाचक आलोक पांडेय हैं। मंगलवार की शाम सात बजे से श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ श्रीकृष्ण चरण वंदना के साथ की गई। प्रतिदिन शाम में कथा में कथा का आयोजन होगा। महायज्ञ के तहत बुधवार को मंडप पूजन, 26 जून को शोभायात्रा, नगर भ्रमण व घृतढारी तथा 27 जून को उपनयन संस्कार व भंडारा के साथ महायज्ञ का समापन हो जाएगा।

सच का साथी

# अपेम लाइव न्यूज

बरही से प्रकाशित एवं संचालित संध्या डिजीटल न्यूजपेपर

## सरईडीह शिव मंदिर के स्थापणा दिवस पर निकाली कलश यात्रा

**अपेम लाइव : लातेहार**



बरवाडीह/लातेहार : बरवाडीह प्रखंड के सरईडीह शिव मंदिर के स्थापणा दिवस के अवसर पर कलश यात्रा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर मनिका विधायक रामचंद्र सिंह ने कहा शिव भागवान हर भक्तो के दिल मे बसा है इसलिए आज हमलोग एकजुट होकर कलश यात्रा मे शामील हुए है।बरवाडीह पश्चिमी जिला परिषद सदस्य संतोषी शेखर ने केचकी संगमतट कोयल नदी पहुंचकर जल उठाते हुए सभी भक्तो के साथ सरईडीह शिव मंदिर जल चढाते हुए शिव भागवान का पुजा अर्चना की।वहीं समाजसेवी सह सरईडीह शिव मंदिर का संरक्षक अमरेश गुप्ता ने कहा कि सरईडीह मे शिव मंदिर का निर्माण सभी सरईडीह वासियो के लिए गर्व की बात जो अब पुरे राज्य के लोग इस जगह पुजा करने आते हैं ।हमलोग को इस मंदिर को देखरेख सभी गांव वासियो से मिलकर करना है। जिससे हर राज्य के लोग यहां पुजा पाठ करने आए।मौके पर जोखन प्रसाद, नवल प्रसाद, अभय सिंह, उमेश प्रसाद, प्रकाश सिंह, ओमप्रकाश गुप्ता, अजीत कुमार ,उजाला प्रसाद ,अजय प्रसाद ,दिपक कुमार, मंटु सिंह, प्रवीण सिंह ,ललन सिंह ,पंडा बाबा ,रोहन सिंह, जयप्रकाश रजक, मनोज मांझी ,सतीस कुमार, निय्मर सिंह के साथ साथ सैकडो महिला पुरूष शामिल रहे ।

## अभाविप की बैठक संपन्न, कई मुद्दों पर हुई चर्चा

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : जिला मुख्यालय के श्री वैष्णव दुर्गा मंदिर परिसर में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता जिला संयोजक उज्ज्वल शुक्ला ने किया। बैठक में अभाविप के आगामी गतिविधियों की चर्चा की गयी और कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गयी। वहीं आगामी चार जुलाई को स्वामी विवेकानंद के पुण्यतिथि पर पौधारोपण व गोष्ठी कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया।इसके अलावा 9 जुलाई से 16 जुलाई को राष्ट्रीय छात्र दिवस के अवसर पर परिचय और 23 जुलाई को मनिका डिग्री क०लेज में अभाविप का जिला सम्मेलन आयोजित करने का निर्णय लिया गया।इस अवसर पर जिला संयोजक उज्ज्वल शुक्ला ने बताया कि 21 जून से 10 अगस्त तक अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिले भर में शैक्षणिक मुद्दों को लेकर आंदोलन करेगी। बैठक में प्रांत सह मंत्री रमेश उरांव, प्रांत एसएफएस सह प्रमुख कुमार नवनीत, जिला सह संयोजक बृजकिशोर टाना भगत, प्रदेश कार्यकारणी सदस्य उत्तम कुमार, पूर्णकालिक सदस्य अतुल कुमार सिंह, राष्ट्रीय कला मंच जिला प्रमुख अभिषेक, कमलेश उरांव, देवदास सिंह, रंजीत, अनिरुद्ध, संदीप टाना भगत व गौरव आदि उपस्थित रहे।

## 22 जून को आजसू पार्टी स्थापना दिवस पर संकल्प सभा का करेगी आयोजन

**अपेम लाइव : लातेहार**




लातेहार : 22 जून को आजसू पार्टी 37 वर्ष पूरा कर 38 में वर्ष में प्रवेश करेगी इस उपलक्ष में लातेहार आजसू कार्यालय लातेहार में 22 जून को पार्टी का स्थापना दिवस पर रक्त दान करने का निर्णय लिया गया है। इस अवसर पर लातेहार जिले के सभी पदाधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य बताई गई है।इस अवसर पर जिला अध्यक्ष अमित पाण्डेय ने कहा कि झारखंड का स्थापना काल से ही जनता ने जो सपना देखा था वह आज भी अधूरा है। भय भूख झूठ और फरेब कर सत्ता में आई सरकार भ्रष्टाचार लूट को निरंतर घोटाला का श्रृंखला बनाई।संकल्प दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी लातेहार जिला के सभी नेता, कार्यकर्ता एवं समर्थक झारखंड राज्य की मर्यादा एवं जन- मन की सुरक्षा के संकल्प के साथ साथ वैचारिक मूल्यों को बचाने तथा पार्टी की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेंगे द्य संकल्प सभा के माध्यम से सभी नेता एवं पदाधिकारी राज्य की वर्तमान स्थिति तथा अभी वर्तमान सरकार की विफलताओं से जनता को अवगत कराएंगे।आज के सभी ज्वलंत मुद्दों और विषयों को लेकर स्थापना दिवस के अवसर पर पार्टी के कार्यकर्ता झारखंड राज्य को विकास के मार्ग पर आगे बढ़ाने के लिए हर परिस्थिति से लड़ने के लिए संकल्प लेंगे।

## पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने जल जीवन मीशन योजना का किया निरीक्षण

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार : भीषण गर्मी के बीच कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने हिसरी ग्राम का भ्रमण कर जल जीवन मीशन योजना के तहत हुए बोरिंग,पाईप और गड्ढे का निरीक्षण किया, कहा कि केंद्र सरकार की सबसे महत्वाकांक्षी योजना हर घर नल का जल योजना की गति गांव में काफी धीमी है। गांव में इस योजना की शुरुआत हुए महिनों हो गए लेकिन हर घर नल जल योजना की पानी आज तक घरों में नहीं पहुंच पाई है। सरकारी चापानल की स्थिति बेहद खराब है। स्कूल स्थित महुआ टोला में एक जलमीनार है उसका मोटर कई माह से खराब पड़ा हुआ है।इससे टोले में पेयजल के लिए हाहाकार मचा हुआ है, अभी तक टोले में पेयजल की व्यवस्था को लेकर कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है, सुबह शाम टोले की महिलाएं दुसरे टोले में पानी भरने को मजबूर हैं।बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे इस टोले को जल जीवन मीशन से अबतक जोड़ा नहीं गया है।पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने टोले में पेयजल की समस्या को समाधान करने, इस टोले को जल जीवन मीशन से जोड़ने के लिए पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के कनिय अभियंता सुनील कुमार से फोन पर बात कर टोले में जल्द पानी संकट दूर करने, जल जीवन मीशन से टोले को जोड़ने का आग्रह किया है।भ्रमण में रविन्द्र भोगता, तेतर उरांव, कामदेव उरांव, शहदेव उरांव, अमेश उरांव, अम्रीत तुरी, अमरजीत तुरी, अजय नायक, विकाश गंझू, अकाश उरांव व अन्य शामिल थे।

## चौपारण में भाजपा का महा जन संपर्क अभियान शुरू

**अपेम लाइवः चौपारण**
**चंदन राणा**



मोदी सरकार के 9 साल पूरे होने पर भाजपा के द्वारा 20 जून से 30 जून तक महा जन संपर्क अभियान चलाया जाना है जिसमे सभी स्तर के कार्यकर्ता अपने अपने बूथ पर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर मोदी सरकार द्वारा किए गए कार्यो को बताना है,चौपारण में सांसद प्रतिनिधि मुकुंद साव ने अपने बूथ पर मतदाताओं से संपर्क कर मोदी जी का 9 साल बेमिसाल और उनके कार्यो पर विस्तृत चर्चा की, मौके पर महावीर प्रसाद गुप्ता,प्रेमचंद राम,बृजनंदन प्रसाद सिंह, हलीम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे,तमाम लोगो से मुकुंद साव ने भाजपा द्वारा जारी मो नंबर 9090902024 पर मिस्ड कॉल करवाया तथा अपना समर्थन मोदी जी को दिलवाया जिसमे सुमित कुमार सिंह,संजय पांडे,रामबृक्ष राणा,सुखदेव साव,अजीत कुमार राणा, पप्पू कुमार,कपिलदेव नायक,मुनेश्वर साव,संजय सोनी,योगिता देवी,इंद्रदेव पाठ्क,महावीर प्रसाद गुप्ता शुशील साहू, राहुल रंजन,श्रवण कुमार सिंह गोपाल राणा सहित अन्य शामिल थे।

## गाजे-बाजे के साथ निकली रथ यात्रा,रथ का लोगों ने किया स्वागत

**अपेम लाइव : लातेहार**



लातेहार । जिला मुख्यालय स्थित राधाकृष्ण मंदिर से मंगलवार को भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा निकाली गई। इस दौरान भगवान जगन्नाथ,भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा को सुसज्जित रथ पर विरा. जमान कराकर जिला मुख्यालय का परिभ्रमण करते हुए वापस मौसी बाड़ी पहुंची। नगर भ्रमण के दौरान जगह-जगह पर भक्तों की टोली ने भगवान की आरती कर भोग अर्पित किए। इसके पूर्व भगवान जगन्नाथ, बहन सुभद्रा व बलराम को छप्पन प्रकार के व्यंजनों से भोग लगाकर पूजा अर्चना की गई। मुख्य यजमान युगेश्वर प्रसाद व पत्नी रीना देवी ने भगवान जगन्नाथ की पूरे विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की। मंदिर के पुजारी दिलीप उपाध्याय द्वारा पूजा के बाद रथ का भ्रमण कराया गया। नगर भ्रमण के बाद तीनों विग्रहों को मौसीबाड़ी पहुंचाया गया। जहां 9 दिन तक निवास कर भगवान की घर वापसी होगी। इस दौरान रथ की डोर खींचने को लेकर श्रद्धालु बेकरार दिखे। ठाकुरबाड़ी के पुजारी दिलीप उपाध्याय ने बताया कि लातेहार में रथयात्रा का इतिहास काफी पुराना है। लातेहार में सबसे पहले रथ यात्रा 1833 ई में पूरन महाराज के द्वारा निकाली गई थी, जो शिव मंदिर से चल कर धर्मपुर मौसीबाड़ी तक जाती थी। महंत पूर्ण दास के निधन के बाद महंत शरण दास, जनक दास, यदुवंशी दास व 1970 ई से महंत मुनि दास के द्वारा रथयात्रा निकाली गई। महंत मुनि दास के निधन के बाद दुर्गा बाड़ी प्रांगण से कृष्णा दास द्वारा रथ यात्रा निक. ाली गई। जिला मुख्यालय में ठाकुरबाड़ी के निर्माण के बाद 1995 से आम जनों के सहयोग से धूमधाम से रथ यात्रा निकाली जा रही है। महंत दिलीप उपाध्याय के सानिध्य में 1995 से प्रथम पूजा मुख्य यजमान युगेश्वर प्रसाद व उनकी पत्नी रीना देवी द्वारा की जा रही है। रथ यात्रा को संपन्न धूमधाम से संपन्न कराने में श्याम अग्रवाल, निर्मल महलका, राजीव मिश्रा, विजय गुप्ता, बृजेश अग्रवाल, अभिनव कुमार,पल्लव कुमार, अशोक गुप्ता, रवि नाथ गुप्ता, विपिन गुप्ता, सुशीला देवी, सुमन देवी,सविता देवी, सुकृति कुमारी का सराहनीय योगदान रहा।

## समाजसेविका के निधन पर शोक की लहर

**अपेम लाइव : बरही**


सुपुर्द खाक में शामिल लोग

बरही अनुमंडल के मालिकाना ग्राम निवासी 70 वर्षीय समाजसेविका अमीना खातून की निधन हो गई। निधन का समाचार मिलते ही पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। उनके चाहने वाले उनके आवास पहुंच कर उनका अंतिम दर्शन किए। मंगलवार को मालिकाना कब्रिस्तान में उनका सुपुर्दे खाक किया गया। विदित हो की उनकी पोती की शादी भी मंगलवार शाम को ही होनी थी । सुपुर्दे खाक में अल्प संख्यक कल्याण महा समिति अध्यक्ष मो कैयूम,पप्पू खान, हमीद मियां ,जैनुल अंसारी, अज़ीम अंसारी ,मुस्लिम अंसारी, अब्दुल रजा, मो निजाम ,गयास अंसारी ,साजिद अंसारी, मोबारक अंजुम एवं समस्त ग्रामीण मौजूद रहे।

APEM LIVE